# कृभको 325 करोड़ निवेश कर लगाएगी फूड प्रोसेसिंग इकाई

## शाहजहांपुर में 45 एकड़ भूखंड पर इकाई स्थापना का प्रस्ताव

**2,000** रोजगार सृजन की संभावना, किसानों को होगा फायदा

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** कृषक भारती कोऑपरेटिव (कृभको) लिमिटेड, शाहजहांपुर में फूड प्रोडक्ट उत्पादन व प्रोसेसिंग इकाई स्थापित करने जा रही है। प्रदेश सरकार ने भी प्रस्ताव पर सिद्धांत रूप में सहमति दे दी है। इससे करीब 2000 लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा।

अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त (आईआईडीसी) आलोक टंडन ने बताया कि कृभको की शाहजहांपुर में करीब 100 एकड़ जमीन है। संस्था ने 45 एकड़ भूखंड पर आलू, टमाटर, आम आदि के फूड प्रोडक्ट बनाने और उसकी प्रोसेसिंग की इकाई स्थापित करने का प्रस्ताव दिया है। इस इकाई पर करीब 325 करोड़ रुपये निवेश होंगे। संस्था के पास जमीन पहले से है, ऐसे में इकाई एक वर्ष के भीतर उत्पादन शुरू कर देगी।

### लूलू ग्रुप के ग्रेटर नोएडा प्रोजेक्ट से भी 2,000 लोगों को रोजगार

आईआईडीसी ने बताया कि ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण ने संयुक्त अरब अमीरात के लूलू ग्रुप को 20 एकड़ जमीन आवंटित की है। कंपनी 200 करोड़ रुपये निवेश करने जा रही है। इससे 2,000 से अधिक लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

आईआईडीसी ने बताया कि इससे करीब 2,000 लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। फूड उत्पाद के लिए इकाई कच्चा माल स्थानीय किसानों से खरीदेगी। उन्होंने बताया कि इकाई स्थापना से संबंधित कार्य में आवश्यक कार्यवाही के लिए यूपीसीडा को निर्देशित कर दिया गया है।